# सड़कों का सूरते हाल बदल सकता है बशर्ते जिम्मेदारी समझे शहर

**जरूरी है नियमित रखरखाव, गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग, पर्याप्त धन आवंटन, प्रभावी योजना और जन जागरूकता**

**रविन्द्र सिंह चौहान**

**ग्वालियर,03अगस्त।** जबरदस्त बारिश ने शहर की सड़कों को जिस तरह बर्बादी के मुकाम तक पहुंचा दिया गया है, उसकी मिशाल गुजरे सालों में तो देखने को नहीं मिलती। हालांकि सड़कों और गलियों की खराब स्थिति को प्रशासन की मजबूत इच्छा शक्ति एवं जनसहयोग से दूर किया जा सकता है लेकिन इसके लिए उचित योजना, पर्याप्त धन और प्रभावी क्रियान्वयन की जरूरत है। सड़क अधोसंरचना की गुणवत्ता और टिकाऊपन में सुधार लाने से ही शहर का मौजूदा सूरतेहाल बदल सकता है और सड़क पर गड्ढों में आए दिन टमटम, ऑटो एवं अन्य सवारी वाहन पलटने की दर्दनाक घटनाओं से निजात पाकर सुरक्षित एवं अधिक कुशल परिवहन सुनिश्चित हो सकेगा।

यह निष्कर्ष आज नवभारत द्वारा सड़क निर्माण की प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों, ठेकेदारों एवं इन सड़कों की बदहाली के शिकार हो रहे जनमानस से की गई बातचीत में उभर कर सामने आए। हालांकि अफसर और ठेकेदार इस बातचीत में अपनी पहचान उजागर करना नहीं चाहते लेकिन जनसामान्य ने अपनी पीड़ा खुलकर साझा की।

अधिकारियों की राय है कि एकदम चमत्कार करके सड़कों की हालत नहीं सुधारी जा सकती बल्कि चरण दर चरण समाधान जरूरी है। सबसे बड़ी जरूरत नियमित रखरखाव की है। छोटी-मोटी क्षति को बड़ी समस्या बनने से पहले ही ठीक करने के लिए नियमित रखरखाव किया जाना चाहिए। इसमें गड्ढों को भरना, दरारें बंद करना और उचित जल निकासी सुनिश्चित करना शामिल है। अब्बल तो हमारे शहर में सड़क किनारे चौड़ी नालियां बनाने और बन जाने पर इन्हें सुचारू बनाए रखने का रिवाज ही खत्म हो गया है। रही सही कसर दुकानदार पूरी कर देते हैं। दुकानों के अतिक्रमण के चलते नालियां जाम हो जाती हैं और बरसात का पानी नालियों के बजाए सड़कों को लबालब कर नई बनी सड़कों का भी वध कर देता है। पानी को डामर का दुश्मन माना जाता है। सड़क से बहते रहना चाहिए। यदि डामर पर एक जगह पानी इकट्ठा होगा तो डामर से गैस बनने लगती है और डामर उखड़ जाता है इसलिए बरसात में सड़क पर से पानी की निकासी के लिए सतत प्रवाह जरूरी है। इस बारिश में सड़कों की जो बर्बादी हुई, वह पानी की सुरक्षित निकासी न हो पाने के कारण ही हुई। सड़कों की बदहाली का दूसरा प्रमुख कारण उभर कर आया सड़क निर्माण में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का इस्तेमाल नहीं होना। **( जारी... )**



**ट्रांसपोर्ट नगर बना तालाब**

ट्रांसपोर्ट नगर में हजारों की संख्या में ट्रक, डम्फर से लेकर बड़ी लॉरीयों का हर रोज आना जाना लगा रहता है। यहां बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भरा हुआ है और कोई मार्ग नहीं होने पर ट्रांसपोर्टर्स को जिन मार्गों में पानी भरा है, वही मुख्य मार्ग है वहीं से वाहन निकालना पड़ रहे हैं, ऐसे में यहां वाहन गड्ढों में फंस रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल जब निगम आयुक्त यहां निरीक्षण करने पहुंचे थे तब उनकी कार भी फंस गई थी। साल भर बाद भी ट्रांसपोर्ट नगर के न तो गड्ढे भरे हैं और न ही यहां की समस्याओं का निराकरण हुआ है। अब तो यहां नेताओं ने भी जाना छोड़ दिया है।



शिंदे की छावनी

**शिंदे की छावनी-**

शिंदे की छावनी स्थित कांग्रेस कार्यालय के सामने वाली सड़क जो सिटी का मुख्य मार्ग है यहां से हर दिन हजारों वाहन निकलते रहते है वह दुर्लभ अवस्था मे गड्डों से भरपूर है। यह रास्ता बाड़े से स्टेशन जाने वाला मुख्य रास्ता है यहां सड़क इतनी टूट गई है कि जगह जगह गड्ढे हो गए है इस रास्ते से निकले बाले वाहनों को बहुत परेशानी होती है।



**-विक्की सिंह**



**पड़ाव चौराहा-**

पड़ाव चौराहे वाली भी सड़क भी बारिश की चपेट में आकर खस्ताहाल हो गई वहां अधिक जलभराव के कारण सड़क से डामर बह गया और गिट्टियां निकल कर सड़क पर आ गई। मोड़ होने के कारण दो पहिया वाहन चालक स्लिप हो कर चोटिल हो रहे है।

यह चौराहा सिटी का ऐसा चौराहा है यहां से शहर में सभी जगहों के लिए रास्ते जाते है बारिश होने पर यहाँ बहुत पानी भर जाता है पानी भरने से पूरी सड़क टूट गई है। सड़क की गिट्टियां निकल कर पूरे में फैल गई है ।

**-राकेश सिंह-हाथठेला दुकानदार**



**सिटी सेन्टर सरस्वती नगर**

शहर के पॉश एरिये में आने क्षेत्र पटेल नगर के दोनों ओर बड़ी बड़ी इमारतों के बीच बनी सड़क का एक बड़ा हिस्सा बारिश के कारण उखड़ गया। यहाँ हर समय लग्जरी गाड़ियों का निकलना बना रहता है। सड़क टूट जाने से यहाँ रहवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

इस साल बारिश इतनी ज्यादा हुई है कि इस क्षेत्र में पानी बहुत भर गया है। पानी के भराव से यह सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। बड़े गड्ढे हो जाने से स्कूली वाहन उसमें फंस जाते हैं। हमें बच्चों का डर लगा रहता है।



**राजीव पाल- क्षेत्रवासी**

**स्टेशन रोड-**

रेल्वे स्टेशन चौराहा से पड़ाव पुल चढ़ने वाला मार्ग भी बदहाली अवस्था मे है। बारिश से सड़क पर इतने बड़े बड़े गड्ढे हो गए है कि आये दिन सवारी से भरे ई-रिक्शा अनबैलेंस होकर पलट जाते हैं, उसमें बैठीं सवारी चोटिल हो जातीं है।



**मनोज रायकवार**
**रिक्शा चालक**

**गोला का मंदिर**

शहर के सबसे बड़े चौराहा कहे जाने वाले गोला का मंदिर चौराहे से स्टेशन की ओर जाने बाली सड़क भी चौराहे के मोड़ पर गड्ढे हो जाने से जीर्ण शीर्ण हालत में अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है।

मै मुरार एस एल पी कॉलेज के पास रहता हूँ स्टेशन बजरिया में मेरी मोबाइल शॉप है इस रास्ते से मेरा रोज आना जाना होता है इस टूटी सड़क के गड्ढों में मेरी बाइक लड़खड़ा जाती है मैं बाइक से कई बार गिरते गिरते बचा हूँ ।



**मनोज कुशवाह-दुकानदार**

**हजीरा स्टेट बैंक चौराहा-**

स्टेट बैंक से इंड्रस्टील एरिया की ओर जाने बाली सड़क धसक जाने से बहुत बड़ा गड्ढा हो गया था परंतु अभी टेम्परेरी गिट्टी डाल के उसे बंद करके डिवाइडर लगा दिया गया है

इस क्षेत्र में कई फैक्ट्रियां होने के कारण यहां बड़े लोडिंग बहनों का आवागमन होने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। सड़क पर पानी की लाइन फूट जाने गई थी अंदर ही अंदर मिट्टी गल जाने से और बारिश के जलभराव से सड़क धसंक गई इससे वहां काफी बड़ा गड्ढा हो गया था, फिलहाल गड्ढे को भर दिया गया है।



**कैलास- दुकानदार**

### बारिश ने ली कई जानें, डुबोये गाँव, छीने आशियाने

इस बारिश ने जिले में कई मकान धराशाई कर लोगों को घर से - बेघर किया, कुछ को मौत की नींद सुला दिया, अंचल में अब भी बारिश अपना कहर बरपाने से पीछे नहीं है। कई नदियां उफान पर है। गांवों में बाढ़ आ रही है। रेस्क्यू टीम भी जान हथेली पर लिए अपने काम को कर्मठता से पूरा कर कर रही है। इस बार बारिश के सैलाब ने 30 सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है ।

**लोग डरा करते थे सूनी सड़क से गुजरते हुए, अब सड़क डर जाती है गड्ढों का नाम सुनकर**

## स्टेशन पर कांवड़ियों का हंगामा, पार्सल प्लेटफॉर्म पर फेंके

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,03अगस्त।** ग्वालियर स्टेशन पर कांवड़ियों ने जबरदस्त हंगामा कर दिया। कांवड़िए ट्रेन के पार्सल डिब्बे में रखे सामान को बाहर फेंकते हुए देखे गए। यह घटना प्लेटफॉर्म नंबर एक पर हुई।

जम्मू कटरा से भोपाल जा रही नवयुग एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 16788) ग्वालियर स्टेशन पर कुछ समय के लिए रुकी थी। इस ट्रेन में सवार कावड़ियों की साइकिलें पार्सल डिब्बे में रखी हुई थीं। जब वे अपनी साइकिलें निकालने पहुंचे, तो वहां कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। ट्रेन का चलने का सिग्नल देखकर कांवड़ियों ने हंगामा करते हुए पार्सल डिब्बे का ताला तोड़ दिया और अंदर घुस गए। अपनी साइकिलें निकालने के लिए उन्होंने आगे रखे पार्सल को डिब्बे से बाहर फेंकना शुरू कर दिया। घटना के दौरान प्लेटफॉर्म पर आरपीएफ और जीआरपी पुलिस नदारद थी। आरपीएफ पुलिस का कहना है कि उनके संज्ञान में कांवड़ियों का हंगामा करने की सूचना आई है वहीं जीआरपी पुलिस का कहना है कि उन्हें इस घटना की जानकारी नहीं है।

**युवक को पीटा, बाइक तोड़ी**

ग्वालियर। मामूली विवाद होने पर तीन युवकों ने एक नाबालिग युवक के साथ मारपीट कर दी और बाइक तोड़ दी। पिटाई से युवक को चोट भी आई हैं। घटना ठाटीपुर थाना क्षेत्र के वैडी पार्क दर्पण कॉलोनी में बीती रात करीब 9 बजे की है। मारपीट होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तब तक आरोपी भाग निकले थे।

## पति-पत्नी काम पर गए, चोर समेट ले गए आठ तोला सोना और नकदी

**ग्वालियर।** विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के पटेल नगर में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। अज्ञात चोर सूने घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और 22 हजार रुपए नकद तथा 8 तोला सोने के जेवरात चोरी कर ले गए। चोरी गए जेवरातों की कीमत लाखों रुपए बताई गई है। घटना तीन दिन पुरानी है, पुलिस ने मामला कायम कर संदिग्धों की तलाश शुरु कर दी है। गिरराज किशोर सिंह सिकरवार पुत्र हरपाल सिंह सिकरवार सिटी सेंटर क्षेत्र के पटेल नगर में रहते हैं। गिरराज किशोर मालनपुर में नौकरी करते हैं, जबकि उनकी पत्नी शिक्षक हैं। 31 जुलाई को दोनों पति-पत्नी अपने-अपने काम पर चले गए थे, घर में कोई नहीं था। सुबह 10:30 बजे पति-पत्नी के जाने के बाद अज्ञात चोरों की नजर घर पर लगे ताले पर गई। सुनसान माहौल देखकर चोरों ने घर का ताला तोड़ा और अंदर पहुंच गए। अंदर अलमारी का ताला तोड़ा तो उसके अंदर सोने के जेवरात व नकद रुपए रखे हुए थे। चोर 4 तोले के मंगलसूत्र तथा 4 तोले की दो सोने की चेन व 22 हजार रुपए नकद ले गए। शाम को जब गिरराज किशोर व उनकी पत्नी काम से वापस आए तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है तथा पूरा सामान इधर-उधर बिखरा है। घर में चोरी होने की सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच प्रारंभकी और आस-पास पूछताछ की तो कोई नहीं बता सका कि किसी को आते हुए देखा है।

## सांसद अशोक सिंह को मातृशोक

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,03अगस्त।** पूर्व मंत्री स्व. राजेन्द्र सिंह की धर्मपत्नी एवं राज्यसभा सांसद अशोक सिंह की माताजी अवध देवी का रविवार प्रात 6:30 पर ग्वालियर शहर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे 95 साल की थीं। अवध देवी का अंतिम संस्कार उनके पैतृक ग्राम थाटीपुर में दोपहर बाद किया गया।

अवध देवी के निधन पर विभिन्न दलों के नेता और उनके परिवार के लोग सुबह से ही गांधी रोड स्थित निवास पर पहुंचने लगे और अशोक सिंह एव उनके परिवार के सदस्यों वरिष्ठ भाजपा नेता राम सुंदर सिंह (रामू), म प्र उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अति सुंदर सिंह एडवोकेट, ज्ञानसिंह चाचा, पूर्व पार्षद नरेन्द्र सिंह से मिलकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की।





**विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने अशोक सिंह को दी सांत्वना**

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भोपाल से मोबाइल फोन पर राज्यसभा सांसद अशोक सिंह से चर्चा कर उनकी माताजी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। तोमर ने कहा कि इस दु:ख की घड़ी में मेरा परिवार सहभागी है।

## कुशवाहा समाज की संगोष्ठी आयोजित




**ग्वालियर।** कुशवाह समाज के प्रवक्ता रवि कुशवाहा ने बताया कि आज फिरंगी पानी रिजॉर्ट शिवपुरी लिंक रोड पर कुशवाहा समाज की संगोष्ठी रखी गई जिसमें मुख्य रूप से सुग्रीव सिंह ने संबोधित करते हुए बताया कि हमें सामाजिक को न्याय दिलाना है तो अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना होगा जो पार्टियां हमारे समाज से आज तक का किनारा करती चली आई है उन्हे हम अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर उनको ताकत का एहसास दिलाएंगे। इस मौके पर हरि सिंह रामबाबू गिरवाई एडवोकेट अर्जुन कुशवाहा अनिल कुशवाहा राज बहादुर कुशवाहा रवि कुशवाहा पातीराम फौजी अमर सिंह कुशवाहा आनंद सिंह कुशवाहा उपस्थित थे। मीटिंग को एडवोकेट बलवंत सिंह कुशवाहा भिंड कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा उधम सिंह राजपूत नरेश कुशवाहा रवि कुशवाहा आदि लोगों ने भी संबोधित किया एवं अपने विचार रखे।

## इंद्रजीत यादव की माताजी का निधन



स्व. श्रीमती रामकुमारी यादव
स्वर्गवास-03.08.2025

**ग्वालियर ।** नगर निगम के सहायक संपत्ति कर इंद्रजीत यादव, संतोष यादव की माताजी स्व राजकुमारी यादव उम्र 90 वर्ष का आज सुबह 11 बजे निधन हो गया वो लम्बे समय से बीमार चल रही थी स्व राजकुमारी यादव का अंतिम संस्कार चार शहर का नाका मुक्ति धाम में किया गया । उनकी उठाबनि कल दोपहर 03 बजे निज निवास 372 तानसेन रोड पर रखी गई है ।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद पोरसा जिला मुरैना ( म .प्र . )

NIT NO. 784/UADD/2025/PORSA/E-TENDERING — पोरसा दिनांक 28.07.2025

## ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि इस निकाय द्वारा अधोलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। नीचे दर्शित तालिका अनुसार कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा दिनांक 18/08/2025 सायं 5.30 तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की लागत | टेण्डर क्रमांक | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र खरीदने की अंतिम तिथि | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| .1 | वार्ड नं. 14 में मुक्तिधाम से मोनू राजावत के मकान तक डब्लू.वी.एम. रोड निर्माण कार्य। | 09.34 लाख | 2025_UAD_440669_1 | 9340/- | 2000/- | 18/08/2025 | 03 माह |
| .2 | वार्ड नं. 01 वार्ड नं. 09 वार्ड नं. 14 में पंप हाउस का निर्माण कार्य। | 04.63 लाख | 2025_UAD_440669_2 | 4630/- | 2000/- | 18/08/2025 | 03 माह |
| .3 | वार्ड नं. 03 बगिया में पप्पू खान वाली गली में सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 06.33 लाख | 2025_UAD_440669_3 | 6330/- | 2000/- | 18/08/2025 | 03 माह |
| .4 | वार्ड नं. 14 में रामनिवास शर्मा के मकान रामनिवास शर्मा के धर्मकांटे तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 05.84 लाख | 2025_UAD_440669_4 | 5840/- | 2000/- | 18/08/2025 | 03 माह |
| 5 | वार्ड नं. 01 रामविलास जाटव के मकान से दामोदर कुशवाह के आगे तक तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 06.69 लाख | 2025_UAD_440669_5 | 6690/- | 2000/- | 18/08/2025 | 03 माह |
| 6 | वार्ड नं. 08 में शिवदत्त शर्मा से रघुराज के मकान तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 10.00 लाख | 2025_UAD_440669_6 | 10000/- | 2000/- | 18/08/2025 | 03 माह |

**शर्तें:-**

1. निविदा प्रपत्र एवं दर ऑफर ऑनलाइन निविदा प्रकाशन से दिनांक 18/08/2025 को सायं 05:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है।
2. निविदा हेतु लिफाफे जिसमें प्रथम लिफाफा (Envelope-A) निर्धारित अमानत राशि की ऑनलाइन ट्रांन्जेक्शन रिसीप्ट /NEFT/RTGS SYSTEM GENERATE CHALLAN प्रति एवं रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट एवं 100 रुपये के स्टाम्प पर निर्धारित प्रारुप में एफीडेविट, जी.एस.टी. फार्म एच., तथा अन्य निविदा प्रपत्र में दिये गये अन्य दस्तावेज ऑनलाईन अंतिम तिथि 18/08/2025 को शाम 05:30 बजे तक ऑनलाईन सबमिट करें। फिजीकल बिड की आवश्कता नहीं है।
3. (Envelope-A) मेन्डेटरी दस्तावेज एवं अन्य नियत दस्तावेज ऑनलाईन ऑपन दिनांक 19/08/2025 को सायं 05:30 बजे से।
4. निविदा में किया गया कोई भी संशोधन उक्त बेवसाइट www.mptenders.gov.in पर किया जावेगा। पृथक से कोई भी प्रकाशन नहीं किया जावेगा। अत: संबंधित जानकारी उक्त बेवसाइट पर देखी जावे, निविदा से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में संबंधित शाखा में देखी जा सकती है। उपरोक्त निविदा सूचना विभाग की बेवसाइट www.mpurban.gov.in पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद पोरसा**







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95